पंजाब केसरी 27/12/2023

इंटरनैशनल एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित हुई डा. रितु गुप्ता

अम्बाला छावनी, 26 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की असिस्टैंट प्रोफैसर हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता को इंटरनैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्गेनाइज्ड रिसर्च द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस विशेष उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से महाविद्यालय का नाम भी रोशन हुआ है। डा. रितु गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता वाली शिक्षा को विद्यार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

कालेज प्रबंधन कमेटी एवं स्टाफ का भी पूरा सहयोग उन्हें सदैव मिलता रहता है। इस गौरवान्वित उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा।